# इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), यूपी स्टेट सेंटर द्वारा 'विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस' का आयोजन

'World Telecommunication and Information Society Day' observed by Institution of Engineers (India), UP State Centre

By Prem Kumar Sun, 18 May 2025




**लखनऊ डेस्क** (आरएलपाण्डेय)।

**स्थान:** इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ
विषय: डिजिटल परिवर्तन में लैंगिक समानता
इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस (WTISD) के उपलक्ष्य में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम "डिजिटल परिवर्तन में लैंगिक समानता" रहा, जिसमें डिजिटल दुनिया में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री जसप्रीत कौर और सुश्री पल्लवी पंत ने डिजिटल तकनीकी में महिलाओं की भागीदारी से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि भारत में महिलाओं की डिजिटल भागीदारी औसतन 30% से 40% के बीच है, जो कि पुरुषों की तुलना में अभी भी कम है, परन्तु धीरे-धीरे इसमें वृद्धि हो रही है।

**महत्वपूर्ण आँकड़े:**

- भारत में लगभग 39% महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि पुरुषों की संख्या लगभग 61% है।
- डिजिटल साक्षरता का स्तर ग्रामीण और शहरी महिलाओं में मिलाकर 35% से 45% के बीच है। प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान (PMDISHA) जैसी योजनाएं इस बदलाव को गति दे रही हैं।
- मोबाइल फोन स्वामित्व में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 20% से 25% कम है।
- ऑनलाइन फ्रीलांसिंग, घरेलू व्यवसाय और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 20% से 30% के बीच है।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस, टेक्निकल कैंपस, लखनऊ ने स्वागत भाषण दिया और विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक इंजी. एन. के. निषाद (एफआईई) एवं प्रो. (डॉ.) नीलम श्रीवास्तव (एफआईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें इंजी. विनोद सक्सेना, इंजी. एस. के. वर्मा, इंजी. एन. सी. मित्तल, इंजी. डॉ. जसवंत सिंह, इंजी. जी. एम. पांडे, इंजी. जमाल नुसरत, इंजी. एम. एस. आज़ाद, इंजी. राधेश्याम और इंजी. जगमोहन लाल जायसवाल शामिल रहे।

अंत में मानद सचिव इंजी. विजय प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

---

https://aapkikhabar.com/news/world-telecommunication-and-information-society-day/cid16740984.htm